नईदुनिया

धनतेरस आज, शाम 6:19 से 8:17 बजे तक पूजा का शुभ मुहूर्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः धनतेरस का पर्व शुक्रवार, 6 नवंबर को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर मनाए जाने वाले इस पर्व का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। इसे भगवान धन्वंतरि की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान इसी दिन भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। उन्हें आयुर्वेद और चिकित्सा का देवता माना जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित लेखराज शर्मा, गुफा मंदिर धाम भोपाल के अनुसार, त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को सुबह 10:30 बजे प्रारंभ होकर 7 नवंबर को सुबह 10:47 बजे तक रहेगी। धनतेरस पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 6:19 बजे से रात 8:17 बजे तक रहेगा। प्रदोष काल शाम 5:49 बजे से रात 8:23 बजे तक और वृषभ काल शाम 6:19 बजे से रात 8:17 बजे तक रहेगा।



दीपोत्सव पर सजावट के लिए खेतों में भी आई रंगबिरेंगे फूलों की बहार। रातीबड़ के पास खेत में लहलहाते गेंदे के फूल। किसानों ने त्योहार के लिए दो माह पहले से कर दी थी खेतों में फूलों की फसल की तैयारी कर ली थी। बाजार में आने के लिए फूल अब बेताब से दिख रहे हैं।

रिटायर्ड आईएएस की हत्या के बाद घर को भी उड़ाने की रची थी साजिश

पुलिस ने आरोपी वरूण से कराया पूरे मामले का नाट्य रूपांतरण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रिटायर्ड आईएएस राकेश अग्रवाल का गला रेतने के बाद केयरटेकर वरुण ने उनका घर विस्फोट से उड़ाने की भी साजिश रची थी, लेकिन गैस लीक की भनक लगने से उनकी पत्नी की नींद खुल गई थी। जिसके चलते षड्यंत्र नाकाम हो गया था। हत्या के मामले में गिरफ्तार वरुण ने पूछताछ में इस बात का खुलासा किया है। गुरुवार को पुलिस उसे घटनास्थल पर लेकर पहुंची और पूरे मामले का नाट्य रूपांतरण करवाया।

शार्ट एनकाउंटर में गोली लगने से जख्मी वरुण वाल्मिकी को गुरुवार से अस्पताल से छुट्टी मिलते ही पुलिस उसे लेकर रिटायर्ड आईएएस राकेश अग्रवाल के सूरज

अपस्ताल से छुट्टी मिलते ही उससे पूछताछ में जुटी पुलिस

नगर स्थित घर पर लेकर पहुंची। वहां पुलिस ने लगभग दो घंटे तक पूरी वारदात का नाट्य रूपांतरण करवाया। किस तरह उसने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसके पास से वह सेविंग ब्लेड भी जब्त की जिससे गला घोंटने के बाद उसने अग्रवाल के गले पर वार किए थे।

पूछताछ में आरोपी वरुण ने बताया कि राकेश अग्रवाल का व्यवहार उसके प्रति काफी रूखा रहता था। इससे उससे मन में साहब के प्रति काफी नफरत भरने लगी थी। वह जब उनके कहने पर पैर दबाता था, तब भी वह बड़बड़ाते हुए उससे कुछ ना कुछ बुरा कहते रहते थे। 29 सितंबर की रात में भी जब पैर दबाने के दौरान अग्रवाल साहब उसे झिड़कने लगे, तो उसे गुस्सा आ गया। उसने पहले उनका गला घोंट दिया। उसके बाद गले पर ब्लेड से वार कर दिए थे। हत्या करने के बाद उसने अलमारी से नकदी, मोबाइल फोन चोरी कर लिया। उसके बाद घर की बाउंड्री वॉल फांदकर भाग निकला था, लेकिन कुछ देर घर को विस्फोट से उड़ाकर साक्ष्य नष्ट करने की साजिश बनाकर फिर उसी रास्ते वापस लौट आया था। उसने रसोईघर में रखे दोनों सिलेंडर के पाइप गैस चूल्हे से निकाल कर गैस खोल दी थी। पास में इलेक्ट्रिक प्रेस चालूकर रख दी थी। उसे उम्मीद थी कि प्रेस के गर्म होने के बाद रसोईघर में भरी गैस से विस्फोट होने से घर उड़ जाएगा। उसकी साजिश तब नाकाम हो गई थी, जब अग्रवाल की पत्नी को अल सुबह गैस की तेज गंध आई, तो उन्होंने कमरे से बाहर निकलने दरवाजा खोला। कमरा बाहर से बंद होने पर उन्होंने फोन कर घर के परिसर में रहने वाले चौकीदार अमरसिंह को बुलाया। अमरसिंह ने दरवाजा खोला और रसोईघर में जाकर सबसे पहले गैस बंद की। उसके बाद राकेश अग्रवाल की हत्या का मामला सामने आ गया था। पुलिस वरुण से लगातार पूछताछ कर रही है।

सागर पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव 'भारत' में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सागर पब्लिक स्कूल में 4 और 5 नवंबर को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'भारत' का आयोजन किया गया।

'मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी' की थीम पर आयोजित समारोह में लगभग 1,856 विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय विरासत, पर्यावरण संरक्षण, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। 4 नवंबर को कनिष्ठ वर्ग के समारोह में एनसीईआरटी की प्रो. उषा शर्मा मुख्य अतिथि रहीं। कक्षा पहली से चौथी तक के 938 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कारों और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाया। 5 नवंबर को वरिष्ठ वर्ग के समारोह में आईआईटी दिल्ली के प्रो. डॉ. अमिताभ त्रिपाठी और एनसीईआरटी भोपाल के डॉ. सौरभ कुमार उपस्थित रहे। इसमें 918 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से क्षमा, सहानुभूति, अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के संदेश दिए। प्राचार्य अल्पा प्रभु ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां देकर सम्मानित किया गया।

दीपावली पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए 1800 से अधिक कर्मचारी तैनात

नप्र, भोपालः मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने दीपावली पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। भोपाल शहर में लगभग 1800 बिजली कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में लगाई गई है। ये कर्मचारी 6 से 9 नवंबर तक बिजली आपूर्ति और शिकायतों के निराकरण के लिए चौबीसों घंटे तैनात रहेंगे। कंपनी ने अपने कार्यक्षेत्र के जिला, तहसील और ब्लॉक मुख्यालयों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थायी शिकायत निवारण केंद्र खोले हैं। भोपाल के सभी 27 जोन और वितरण केंद्रों तथा 33/11 केवी उपकेंद्रों पर विशेष टीमें तैनात रहेंगी। कर्मचारियों को एफओसी वाहन, सुरक्षा उपकरण और आवश्यक विद्युत सामग्री उपलब्ध कराई गई है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से बिजली आपूर्ति में बाधा आने पर कॉल सेंटर नंबर 1912, उपाय ऐप या व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 0755-2551222 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

चार-पांच माह से वेतन नहीं मिलने पर जनजातीय कार्य संचालनालय का घेराव



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः चार-पांच माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज जनजातीय कार्य विभाग के स्थायी, दैनिक वेतनभोगी और अंशकालीन कर्मचारियों ने गुरुवार को आदिवासी भवन स्थित विभागीय संचालनालय का घेराव कर नारेबाजी की।

मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के नेतृत्व में हुए आंदोलन में भोपाल जिले के पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो प्रदेशभर में संघ के कार्यकर्ता काली दीपावली मनाएंगे।

आंदोलन के बाद अपर आयुक्त श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव ने कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि वेतन मद में सभी जिलों और छात्रावासों के लिए बजट जारी कर दिया गया है और शुक्रवार तक वेतन भुगतान की व्यवस्था हो जाएगी। प्रदर्शन में अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एमपी द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेकर विकास का आदर्श मॉडल बनाएं अधिकारी : संदीप

भोपाल। महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त संदीप जी.आर. ने कहा कि विभाग का प्रत्येक अधिकारी कम से कम एक आंगनवाड़ी केंद्र को गोद लेकर उसके समग्र विकास की जिम्मेदारी निभाए। आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छता, सुरक्षित वातावरण, बेहतर अधोसंरचना और गुणवत्तापूर्ण शाला पूर्व शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के आदर्श केंद्रों के रूप में विकसित किया जाए। जिन स्थानों पर शासकीय भवन उपलब्ध नहीं हैं, वहां उपयुक्त किराए के भवनों का चयन किया जाए। केंद्रों से शिक्षा प्राप्त कर चुके युवाओं को भी इनके विकास से जोड़ा जाए। बैठक में आयुक्त ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर कुपोषित बच्चों की देखभाल, पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं तथा केंद्रों के संचालन में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली।



बजरंग सेना ने जरूरतमंद बच्चों को दीपावली की सामग्री भेंट की

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संत नगर में दीपावली पर बजरंग सेना समिति ने स्वामी शांतिप्रकाश स्कूल के बच्चों को मिष्ठान वितरित किया। कार्यक्रम में बच्चों और शिक्षिकाओं को पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। वरिष्ठ समाजसेवी शंकरलाल आसूदानी और पंडित राजकुमार गर्ग ने कहा कि जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही सच्ची मानवता है। समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि 6 नवंबर को धनतेरस पर आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को मिठाई और शिक्षिकाओं को उपहार हैम्पर भेंट किए जाएंगे। इस अवसर पर रूप कुमार सोनी, महेश खटवानी, गुरदास रामचंदानी, रमेश कुमार तोलानी और एडवोकेट बृजकिशोर सेन सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

बच्चों ने इको-फ्रेंडली और सात्विक दीपावली मनाने का लिया संकल्प



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने इको-फ्रेंडली और सात्विक दीपावली पर जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों को पर्व का वास्तविक महत्व बताया गया और पटाखों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, रंगोली और दीया सजावट जैसी गतिविधियों में हिस्सा लिया। कक्षा चौथी के बच्चों की लघु नाटिका और नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। इसके माध्यम से प्रदूषणमुक्त और सुरक्षित त्योहार मनाने का संदेश दिया गया।

बच्चों ने मिट्टी के दीप जलाने, ऊर्जा बचाने, पौधों की देखभाल करने और जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्राचार्या रेखा केवलानी और उपप्राचार्या दिव्या कृपलानी ने बच्चों से पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का आह्वान किया।

नवयुवक सभा की शिक्षण संस्थाओं ने मनाया दीपोत्सव

हिरदाराम नगर। नवयुवक सभा द्वारा संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली पर्व मनाया गया। सभा अध्यक्ष वासदेव वाधवानी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए इसे शरद ऋतु के आगमन और स्वच्छता का प्रतीक बताया। सचिव सुरेश राजपाल ने समाज में ज्ञान की ज्योति फैलाने का संदेश दिया, जबकि कोषाध्यक्ष धर्मप्रकाश मोटवानी ने विद्यालयों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपाध्यक्ष महेश दयारामानी ने मन की नकारात्मकता दूर कर सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित करने का आह्वान किया। महासचिव एवं एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने भी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्राचार्या ज्योति चौहान, प्राचार्य हरीओम शर्मा सहित पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता सेनानी देशबंधु चितरंजन दास की जयंती पर नमन


नप्र, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान स्वतंत्रता सेनानी और प्रखर राष्ट्रवादी नेता 'देशबंधु' चित्तरंजन दास की जयंती पर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि देशबन्धु चितरंजन दास ने सुख-सुविधाओं का त्याग करअपना जीवन स्वतंत्रता आंदोलन के लिए समर्पित कर दिया।

कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा जिला- भोपाल

क्र.था.प्र./कोहे/ भो./अप.क्र.712/26 **दिनांक-25.10.2026**

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26/09/2026 को सूचक देवा सूर्यवंशी पिता सोमा सूर्यवंशी उम्र 36 साल निवासी सी सेक्टर बाबा नगर शाहपुरा रोड थाना चूनाभट्टी भोपाल ने सूचना दिया कि दिनांक 10/09/26 को मेरे बडे भाई तुलसीराम सूर्यवंशी पिता सोमा सूर्यवंशी उम्र 41 निवासी सी सेक्टर बाबा नगर शाहपुरा रोड थाना चूनाभट्टी भोपाल को पीलिया होने से हमीदिया अस्पताल मे बी ब्लाक 8वी मंजिल पर भर्ती किया गया था। जिसका इलाज चल रहा था की दिनांक 25/09/26 रात 12/30 बजे भाई तुलसीराम बिना बताये हमीदिया अस्पताल से कही चले गये है मैंने वार्ड में सभी लोगो से पूछा किसी ने कोई जानकारी नहीं दी फिर नीचे आकर अस्पताल परिसर में सभी जगह तलाश किया परन्तु वह नहीं मिले भाई तुलसीराम सूर्यवंसी का हुलिया रंग-सावंला, बाल छोटे छोटे, चेहरा पतला लंबा, हल्की दाढी मूंछ, कद करीबन 5 फिट 8 इंच, नीले रंग कि टी-शर्ट व काले रंग का हाफ पेंट पहने है तथा नंगे पैर है की सूचना पर गुमइंसान क्र.50/26 का कायम कर जांच में लिया गया दौराने जांच अपराध क्रमांक 712/26 धारा-140(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



अतः अपहृत के संबंध मे कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो कृपया थाना कोहेफिजा भोपाल (म.प्र.) के संपर्क नंबर 9479990687 तथा जाँच अधिकारी का मो.न. 7587601685 पर सूचना देने का कष्ट करें।

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिजा भोपाल

जी-21088/26

कार्यालय थाना प्रभारी थाना खजूरी सड़क जिला-भोपाल (म.प्र.)

क्र.था.प्र./थाना खजूरी सडक-776/26 **दिनांक-30.10.2026**

जाहिर सूचना

सूचनाकर्ता विनय सिंह, स्टेशन अधीक्षक, रेल्वे स्टेशन बकानिया भौंरी भोपाल ने जरिये मोबाईल 9752496574 ने सूचना दिया कि गेट न. 110 नियर धामनिया के पास किला मीटर 218.15 से 218.17 के बीच दोनो रेल्वे ट्रेक अप एण्ड डाउन के बीच



समय करीबन सुबह 0950 बजे एक व्यक्ति ट्रेन से गिर गया है जो मृत अवस्था में पडा हुआ है जिसका हुलिया उम्र लगभग 30 से 35 साल, बाल काले, बदन पर काली सर्ट एवं नीले का जीन्स पेंट व राजधानी कम्पनी का अन्डवियर पहने हुये है जिसका कद करीबन 5 फिट 8 इंच एवं रंग गेंहूआ है सूचना देता हूं कार्यवाही की जाये कि सूचना पर असल मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

अज्ञात मृतक पुरूष की पहचान के संबंध में कोई जानकारी हो तो थाना खजूरी सड़क भोपाल में आकर अथवा थाना खजूरी सड़क भोपाल के दूरभाष न. 7049106280 या 7049105665 पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
थाना खजूरी सड़क जिला भोपाल

जी-21090/26

हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में हाट बाजार एवं दीपावली फेस्ट



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट क्लब द्वारा हाट बाजार एवं दीपावली फेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने विभिन्न पारंपरिक स्टॉल लगाए।

हाट बाजार में दीये, सजावटी सामान, हस्तशिल्प और विविध व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। आयोजन से छात्राओं को सोशल मीडिया प्रचार, ब्रांडिंग और व्यावसायिक विचारों को सफल स्टार्टअप में बदलने का व्यावहारिक अनुभव मिला। पारंपरिक सजावट से सजे मेले में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक विरासत का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर और ग्रुप एडवाइजर पीएस राठौर ने विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त,नगरीय पुलिस जिला भोपाल

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/ रनि/निविदा/572-A/26 **दिनांक :-03/11/2026**

ई-निविदा सूचना

'मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022' के नियमानुसार इस कार्यालय द्वारा नगरीय पुलिस भोपाल के विभिन्न कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा ड्यूटियो/कार्यक्रमो/मीटिंग/प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियो एवं कर्मचारियो को भोजन एवं नास्ता उपलब्ध कराने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सामग्री का विवरण	निविदा शुल्क	ईएमडी
1	नगरीय पुलिस भोपाल में विभिन्न कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा ड्यूटियो/कार्यक्रमो /मीटिंग /प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियो एवं कर्मचारियो को भोजन एवं नास्ता उपलब्ध कराने हेतु	10,000/-	6,00,000/-

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क एवं ई.एम.डी. ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

निविदा पब्लिकेशन दिनांक	दिनांक 04/11/ 2026 के 12.00 बजे से
निविदा डाउनलोड करने की दिनांक	दिनांक 04/11/ 2026 के 12.00 बजे से
प्रिबिड मीटिंग का दिनांक	दिनांक 11/11/2026 के 12.00 बजे
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	दिनांक 18/11/ 2026 के 17.00 बजे तक
निविदा खोलने की दिनांक	दिनांक 19/11/ 2026 के 17.00 बजे
प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान	पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल

पुलिस उपायुक्त,
(मुख्यालय) नगरीय पुलिस,भोपाल

जी-21134/26

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.

क्रमांक/ भोपाल दिनांक 4/11/2026
प्रकरण क्रमांक: 0293/बी-121/2025-26

सूचना-पत्र

सैयद राशिद हुसैन आ. सैदय अजीज अहमद निवासी ग्राम सूखी सेवनिया तहसील हुजूर जिला भोपाल

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती रंजन मेहता पत्नि श्री हर्षद मेहता निवासी-एच-18, निशात कॉलोनी 74, बंगले, जिला भोपाल म.प्र. द्वारा प्रकरण क्रमांक 0265/अ-12/2025-26 में आदेश दिनांक 02.09.2025 से दुखी एवं व्यथित होकर म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है। उक्त में यदि आपको या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 18.11.26 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व-निरीक्षक
तहसील कोलार भोपाल (म.प्र.)

3073

परिशिष्ट B-संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल दशम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

आरसीएस ए/1381/2025
श्रीमती दीपा देवी बनाम खुशालदास
NEXT DATE :09-12-2026

प्रेषिति - मेसर्स भगवती रियल्टी द्वारा भागीदारी संजय बूलचंदानी श्री डी.डी. बूलचंदानी पता- मकान नंबर-एफ-29, कृष्णा प्लाजा, बैरागढ़, भोपाल म.प्र. यह कि प्रार्थी श्रीमती दीपा देवी ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/1381/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 09-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

शरद जायसवाल, न्यायाधीश
दशम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)

3072